जहाँ पर उसके पास लाचारी एवं हताशा के अलावा कुछ बचता नहीं। इसी हताशा का परिणाम है कि मध्यवर्गीय व्यक्ति अपनी जड़ों से कटता जा रहा है एवं धीरे- धीरे उसकी मानसिकता में बदलाव आ रहा है। इस मानसिकता में बदलाव का सबसे बड़ा कारण यह है कि आज का मनुष्य अपने तक ही सीमित हो गया है। यहाँ तक कि उसे अपने ही रिश्तेदार या घरवाले बोझ जैसे प्रतीत होते हैं। रिश्तों में आई टूटन का चित्रण सबसे अधिक स्वतंत्रता के बाद की कहानियों में हुआ क्योंकि जब इंसान का किसी चीज से विश्वास उठता है तो उसका सीधा असर उसकी मानसिकता पर पड़ता है और इसी के कारण आपसी-संबंधों में भी खटास उत्पन्न होती है। मन्नू भंडारी ने इस खटास को अपनी कहानियों में बखूबी दर्शाया है। एकाकी परिवारों ने संयुक्त परिवारों की छवि को पूरी तरह से बिखेर दिया है। आज की भागती हुई जिन्दगी में हम कोई भी रिश्ता किसी से तब तक ही रखना पसंद करते हैं जब तक कि हमें उससे काम है या हमारा उस रिश्ते से मोहभंग न हो जाए। बाकी सारे रिश्ते हमें बोझिल प्रतीत होते हैं। ऐसा ही कुछ 'अंकुश' कहानी में देखने को मिलता है जहाँ मिसेज चोपड़ा अपने ससुर के घर आने को समय की बर्बादी, अपनी आजादी में अंकुश तथा अपने बच्चों की प्राइवेसी में दखलअंदाजी समझती हैं। ससुर का अचानक घर आ जाना, अपने पौता-पौती को सही शिक्षा देना मिसेज चोपड़ा को रास नहीं आता क्योंकि यह उनकी अपनी जिन्दगी है। कोई भी इंसान कभी भी मुंह उठाकर चला आये और उनके बच्चों को नसीहत देकर चला जाए, यह उन्हें कतई गवारा नहीं है।

'अंकुश' कहानी में कुछ ऐसा नहीं है जो हमने पहले सुना या देखा न हो लेकिन इसका अंत यह बता जाता है कि समय चाहे कितना ही बदल जाए लेकिन कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिन्हें अगर बदल दिया जाए तो उसमें केवल हमारा ही नहीं आने वाली पीढ़ी का भी नुक्सान होगा। ससुर की कही बात मिसेज चोपड़ा को तब समझ आती है जब उनकी खुद की बेटी उनसे छुपकर किसी और से बातें कर रही होती है- "उनका बस चले तो मुझे अपने पल्ले से बाँधकर रखें। पता नहीं क्या समझती हैं अपने आप को। रीयली शी इज बिकमिंग ए हैडेक दीज डेज।"[5]

आलोचक चाहे कितना ही कह लें कि मध्यवर्ग की मानसिकता में परिवर्तन आया है, वो बदल गया है। लेकिन असल बात तो यह है कि बदलाव किसी खास वर्ग के लोगों में नहीं बल्कि इंसान के सोचने-समझने

के तरीकों में आया है। वर्ग तो केवल बहाना है एक दूसरे पर दोषारोपण करने के लिए, असलियत तो यह है कि किसी भी वर्ग का व्यक्ति जब जिन्दगी में कोई मुकाम हासिल कर लेता है और जब उसका एक वर्ग से दूसरे वर्ग में हस्तांतरण होता है तो वह व्यक्ति भी हू-ब-हू उसी वर्ग की भाषा बोलने लगता है। इसके केंद्र में मध्यवर्ग नहीं बल्कि सारे वर्ग आते हैं। मन्नू भंडारी की कहानियां केवल मध्यवर्गीय मानसिकता को ही नहीं दर्शा रही हैं बल्कि इस वर्ग के साथ जुड़े दूसरे वर्ग की मानसिकता के ऊपर जमी हुई धूल को भी हटाती हैं। 'खोट्टे सिक्के' के मिस्टर खन्ना हों या उनकी टकसालों में काम करने वाले मजदूर दोनों के ही पक्षों को मन्नू भंडारी सामने रखती हैं। वह यह बताती हैं कि वर्ग चाहे जो भी हो जरूरत एक दूसरे की सबको है फर्क है केवल हैसियत का। अगर यह हैसियत का फर्क मिट जाए तो लोग शायद एक-दूसरे को समझने लगें। 'खोट्टे सिक्के' के मिस्टर खन्ना जिस तरह मजदूरों के साथ पेश आते हैं वह अपने आप में असहनीय है। टकसालों में जो मजदूर दिन-रात खप रहे हैं उनकी जरूरत है खन्ना जैसे लोगों को। लेकिन दिक्कत वहां आती है जब मजदूर या जरूरत मंद लोग अपने मूल्य को नहीं समझते हैं। जिस दिन इंसान अपनी कदर खुद करने लगेगा, उस दिन दो वर्गों के बीच का भेदभाव एवं एक दूसरे के जैसा बनने की होड़, यह खुद समाप्त हो जायेगी। क्योंकि अगर मिल मालिक मजदूर को रोजगार देते हैं तो मजदूरों की वजह से ही मिल चलती है। इस बात का एहसास खन्ना जैसे लोगों को करना बहुत जरूरी है- "एक नौकरी के लिए दस लोगों का टूटना" इस बात का संकेत है कि स्वतंत्रता के 68 साल बाद भी लोग सही मायनों में इसका मतलब नहीं समझ सके।

मन्नू भंडारी की कहानियां केवल आधुनिकता, मध्यवर्गीय मानसिकता के पहलुओं को ही सामने नहीं लातीं बल्कि इनकी कहानियां समय के साथ समाज में होने वाले परिवर्तनों को भी बखूबी चित्रित करती हैं। इनकी कहानियों की थीम एक साधारण से पात्र की सामान्य सी कथा से शुरू होती है लेकिन अंत तक पहुँचते-पहुँचते अपने आप विशिष्ट हो जाती है। इनकी कहानियों में एक टकराहट है, एक ऐसी टकराहट जिसकी गूँज कभी स्त्री-पुरुष संबंधों में सुनाई देती है तो कभी माँ-बेटी के रिश्तों में। मन्नू भंडारी की हर कहानी अपने आप में विशिष्ट है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मन्नू भंडारी ने हर तरह की कहानियां लिखी हैं। उनकी

कहानियों में वर्तमान समय की हर समस्या का चित्रण किया गया है। बात चाहे प्रेम की हो 'यही सच है' या स्त्री के अस्तित्व की लड़ाई की 'इंसा के घर इंसान' या फिर परम्पराओं की 'त्रिशंकु' हर कहानी में मन्नू भंडारी ने उन समस्याओं को चित्रित किया है जो रोज हमारे आस-पास घटित होती हैं लेकिन उन पर हमारी नजर नहीं जाती। उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से यह बताने की कोशिश की है कि युग चाहे कोई भी रहे, समस्या चाहे कैसी भी हों लेकिन अगर इंसान ने लड़ना छोड़ दिया तो सब खत्म हो जाएगा। मन्नू भंडारी खुद मध्यवर्ग परिवार से हैं तो उनकी ज्यादातर कहानियां इसी वर्ग के इर्द-गिर्द घुमती हैं लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि उनकी कहानी की थीम भले ही किसी विशेष वर्ग से शुरू होती है लेकिन उनके कथानक का केंद्रीय बिंदु सामाजिक समस्या है और समाज में कोई एक विशेष वर्ग नहीं बल्कि सभी वर्ग आते हैं। इसलिए मन्नू भंडारी की कहानियाँ एक आम-आदमी की कथा को चित्रित करती हैं चाहे वो पुरुष हो या स्त्री।

निष्कर्षत: हम कह सकते हैं कि मन्नू भंडारी के कथा साहित्य में मध्यवर्गीय परिवारों का विखंडन दिखाई देता है, किन्तु स्त्रियाँ अपने अधिकारों को लेकर सचेत हैं। उन्होंने कामकाजी महिलाओं के जीवन-प्रसंगों, उनकी समस्याओं को केंद्र में रखकर कई कहानियाँ लिखीं। इन्होंने बहुत अधिक तो नहीं लिखा, पर जो लिखा उसमें जिंदगी का यथार्थ इतनी सहजता, आत्मीयता और बारीकी से झलकता है कि वह पाठकों को छू लेता है। वह अपनी कहानियों में पात्रों के भीतरी कक्ष के हर संवेदनशील कोने को बेहद मार्मिकता और प्रामाणिकता से खंगालती हैं।

सन्दर्भ :

1. मन्नू भंडारी- 'सम्पूर्ण कहानियाँ- तीसरा हिस्सा', राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं.-458
2. मन्नू भंडारी- 'सम्पूर्ण कहानियाँ- तीसरा हिस्सा', राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं.-456
3. मन्नू भंडारी-'महाभोज', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं.-156
4. मन्नू भंडारी-'आपका बंटी ', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं.-56
5. मन्नू भंडारी-'सम्पूर्ण कहानियाँ- 'तीसरा हिस्सा', राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं.-118

स्वराज के सार

संपादक द्वय :
डॉ. आशीष कुमार साव
डॉ. अमित कुमार दीक्षित

ISBN No :- 978-93-93551-00-9

कर्म-बद्ध-संकल्प

के.बी.एस. प्रकाशन दिल्ली

मुख्य कार्यालय :- 111 - ए.जी-एफ, आनन्द पर्वत, इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110005

शाखा कार्यालय :- 74, एस.के.फुटकेयर, हथवा मार्किट, नज़दीक- पी.एन.बी. बैंक, छपरा, बिहार- 841301

दूरभाष :- 9871932895, 9868089950
Blogger :- https://kbsprakashan.blogspot.in
e-mail :- kbsprakashandelhi7@gmail.com

●

मूल्य : 599.00 रुपये (पेपर बैक)
मूल्य : 699.00 रुपये (हार्ड कवर)
प्रथम संस्करण 2023 © संपादक द्वय
मुद्रक :- कौशिक प्रिन्टर नई दिल्ली

Book Name : SWRAJ KE SWAR
Edit by : Dr. ASHISH KUMAR SHAW & Dr. AMIT KUMAR DIXIT

वैधानिक चेतावनी : इस पुस्तक का सर्वाधिकार सुरक्षित है। लेखक की लिखित अनुमति के बिना इसके किसी भी अंश को फोटोकॉपी एवं रिकॉर्डिंग या मंचन सहित इलेक्ट्रोनिक अथवा मशीनी किसी भी माध्यम से अथवा ज्ञान के संग्रहण एवं पुनर्प्रयोग की प्रणाली द्वारा किसी भी रूप में पुरुत्पादित अथवा संचारित प्रसारित नहीं किया जा सकता। प्रस्तुत पुस्तक के घटनाक्रम, पात्र, भाषा-शैली एवं स्थान सभी लेखक की कल्पना है, किसी भी प्रकार के वाद-विवाद के लिए प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है।

अनुक्रमणिका

1. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और महात्मा गाँधी... 01
   - डॉ. आशीष कुमार साव, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर
   कोलकाता, पश्चिम बंगाल
2. वीर सपूत क्रांतिकारी शहीद-ए-आज़म भगत सिंह... 13
   - डॉ. अमित कुमार दीक्षित, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर
   कोलकाता, पश्चिम बंगाल
3. दास्तान-ए-चन्द्रशेखर आज़ाद... 19
   - डॉ. मन्जु तोमर, सहायक प्रोफेसर, एम.डी.एस.डी. कॉलेज
   अंबाला शहर, हरियाणा
4. आज़ाद हिन्द की संकल्पना... 28
   - विक्रम कुमार साव, इंस्पेक्टर, अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
   कोलकाता, पश्चिम बंगाल
5. पंडित जवाहरलाल नेहरू... 37
   - डॉ. राधिका के.एन, वरिष्ठ साहित्यकार
   कोज़िकोड़, केरल
6. बाल गंगाधर तिलकः स्वतंत्र सेनानी... 43
   - दीपिका गहलोत, लेखिका
   पुणे, महाराष्ट्र
7. स्वतंत्र भारतः एक अखंड भारत... 48
   - निशा प्रसाद, प्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक
   कोलकाता, पश्चिम बंगाल
8. बेगम हजरत महलः प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना... 58
   - डॉ. रश्मिशील, लेखक
   लखनऊ, उत्तर प्रदेश
9. असम की रानी लक्ष्मीबाईः कनकलता बरूआ... 67
   - डॉ. अनामिका जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर
   जैन कन्या पाठशाला पी.जी. कॉलेज, मजुफ्फरनगर, बिहार
10. एशिया की पहली गौरवशाली महिला कैप्टन "डॉ. लक्ष्मी सहगल".. 77
   - आशीष भारती, लेखक/कवि/पत्रकार
   साहरनपुर, उत्तर प्रदेश

56. स्वतंत्रता सेनानीः कमला नेहरू... 422
- निर्मला विनवाल, लेखिका
काशीपुर, उत्तराखंड
57. बंगाल की महान स्वतंत्रता सेनानी बीना दास... 425
- डॉ. शशिकला, एसोसिएट प्रोफेसर, वसंत कन्या महाविद्यालय
वाराणसी, उत्तर प्रदेश
58. बंग क्रांति का सूर्यः क्रांतिकारी सूर्य सेन... 432
- नंदिनी सिंह, शोधार्थी
गोरखपुर, उत्तर प्रदेश
59. राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी... 439
- सोनाली राजपूत, शोधार्थी, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय
गया, बिहार
60. सर श्री अरविंद घोष... 443
- डॉ. वेवी सुमंगला पी.वी, सहायक आचार्य, हिंदी विभाग
महात्मा गाँधी गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज, माही
61 तात्या टोपे... 455
- डॉ. राम कांडियन, लेखिका
माहे, पांडुचेरी
62. 1857 की क्रांति के महानायक नाना साहब... 460
- अर्जुन सिंह, शिक्षक एवं सोशल एक्टिविस्ट
पिथौरागढ़, उत्तराखंड
63. महादेव गोविन्द रानाडे... 470
- आकाश पुष्कर, लेखिका
बरेली, उत्तर प्रदेश
64. असम की महान विरांगना पुष्पलता दास... 478
- राजलक्ष्मी जायसवाल, शोधार्थी
राँची, झारखण्ड
65. सावित्री बाई फुले... 485
- डॉ. रजनी धाकरे, लेखिका
मेनपुरी, उत्तर प्रदेश
66. महान क्रांतिकारी यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त... 494
- रीतेश रावत, लेखक
लखनऊ, उत्तर प्रदेश

बंगाल की महान स्वतंत्रता सेनानी: बीना दास

डॉ. शशिकला, एसोसिएट प्रोफेसर,
वसंत कन्या महाविद्यालय
वाराणसी, उत्तर प्रदेश

शोध सार :

भारतीय इतिहास के गौरव के निर्माण में जितना योगदान पुरुषों ने दिया। उससे कहीं अधिक सहयोग स्त्री शक्ति ने दिया है। अनादिकाल से यह सर्वविदित है की जब जब देवासुर संग्राम छिड़ा है राक्षसी शक्ति के समूल नाश के लिए दैवी शक्ति का आश्रय लिया गया है। भारत के स्वाधीनता संग्राम में स्त्री शक्ति सदैव अग्रणी रही हैं। अंग्रेजी शासन के विरुद्ध भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल जैसी वीरांगनाओं का नाम विशेष उल्लेखनीय रहा है। गाँधी युग में राष्ट्रीय आन्दोलन जन आन्दोलन में परिवर्तित हो गया, पुरुषों के साथ महिलाएं भी इसमें पीछे नहीं रहीं। राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग लेकर महिलाओं ने न केवल ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की अपितु गिरफ्तारी देने में भी पीछे नहीं रहीं। इन महिलाओं में जिन्होंने आजादी को धार दी उनमें कस्तूरबा गाँधी, विजयलक्ष्मी पंडित, सरोजिनी नायडू, मीरा बेन, एनी बेसेंट, मैडम भीकाजी कामा इत्यादि परिचित नाम थे। कुछ नाम ऐसे भी थे। जो गुमनामी के अँधेरे में गुम हो गये, ऐसी ही गुमनामी की जीवन जीने वाली थीं क्रान्तिकारी बीना दास जिन पर हम विचार करेंगे।

बीज शब्द :

स्वतंत्रता सेनानी, आन्दोलन, इतिहास, क्रान्तिकारी, कारावास, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ऋषिकेश ।

मूल आलेख :

भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में भारतीय महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय है। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी बीना दास का नाम भी प्रमुखता से लिया जाता है। "क्रांतिकारी बीना दास (Bina Das) का जन्म 24 अगस्त 1911। को कृष्णानगर में हुआ था। उनके पिता बेनी माधव दास सुप्रसिद्ध ब्रह्म समाजी और प्रसिद्ध अध्यापक थे, महान क्रान्तिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस भी उनके प्रिय छात्र रह चुके है। बीना दास सामाजिक कार्यकर्ता सरला देवी की पुत्री थीं। वे कोलकाता के सेंट जॉन डोसेसन गर्ल्स हायर सैकण्डरी स्कूल की छात्रा रही हैं। बीना दास कोलकाता में महिलाओं के लिए संचालित की जाने वाली अर्ध-क्रान्तिकारी संगठन छात्र संघ की सदस्या थीं, जिसके लिए उन्हें नौ वर्ष के लिए सख्त कारावास की सजा सुनाई गई।"[1] बीना की बड़ी बहन कल्याणी दास भी स्वतंत्रता सेनानी थीं। अपने स्कूल के दिनों से ही दोनों बहनों ने अंग्रेजों के खिलाफ होने वाली रैलियों और मोर्चों में भाग लेना शुरू कर दिया था। इनकी माता सरला देवी चूँकि "सामाजिक कार्यकर्ता थीं इसलिए वह भी सार्वजनिक कार्यों में बहुत रुचि लेती थीं और निराश्रित महिलाओं के लिए उन्होंने 'पुण्याश्रम' नामक संस्था भी बनाई थी। साल 1928 में अपनी स्कूल की शिक्षा के बाद वे महिला छात्र संघ में शामिल हो गयीं। यह संघ ब्राह्मो गर्ल्स स्कूल, विक्टोरिया स्कूल, बेथ्यून कॉलेज, डायोकेसन कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं का समूह था। बंगाल में संचालित इस समूह में 100 सदस्य थे, जो भविष्य के लिए क्रांतिकारियों को इसमें भर्ती करते और साथ ही ट्रेनिंग भी देते थे।"[2] संघ में सभी छात्राओं को लाठी, तलवार चलाने के साथ-साथ साइकिल और गाड़ी चलाना भी सिखाया जाता था। इस संघ में शामिल कई छात्राएँ अपना घर छोड़कर 'पुण्याश्रम' में रहती थीं, जिसका संचालन बीना की माँ सरला देवी करती थीं। हालांकि, यह छात्रावास बहुत सी क्रांतिकारी गतिविधियों का गढ़ भी था। यहाँ के भंडार घर में स्वतंत्रता

सेनानियों के लिए हथियार, बम आदि छिपाए जाते थे। साथ ही वे टिन के [illegible] क्रांतिकारियों के लिए बम आदि भी लाती थीं।

बचपन से ही क्रान्तिकारी स्वभाव की होने के कारण 6 फरवरी 1932 को कोलकाता विश्वविद्यालय में जब दीक्षांत समारोह का उत्सव मना रहा था, उस समय मुख्य अतिथि के रूप में बंगाल के अंग्रेज लाट [illegible] जैक्सन थे। गवर्नर ज्यों ही भाषण देने लगे, उस अवसर पर कुमारी बीना दास भी उपाधि लेने आईं थीं, जो अपनी सीट पर से तेजी से उठीं और गवर्नर के सामने जाकर रिवाल्वर चला दीं। उन्हें आता देखकर गवर्नर थोड़ा झुकते हुए पीछे हट गया जिससे निशाना चूक गया, गोली गवर्नर के कान के पास से निकल गई और गवर्नर मंच पर लेट गया। इतने में लेफ्टिनेन्ट कर्नल सुहरावर्दी ने दौड़कर बीना दास का एक हाथ से गला दबा लिया और दूसरे हाथ से पिस्तौल वाली कलाई पकड़ कर सीनेट हाल की छत की तरफ कर दी फिर भी वह लगातार गोलियाँ चलाती गई, जब तक पिस्तौल की गोलियाँ खत्म नहीं हो गई किन्तु सभी गोलियाँ चूक गईं। उन्होंने पिस्तौल फेंक दी और भरी अदालत में उन्होंने एक साहसपूर्ण बयान दिया कि वह अंग्रेजों से घृणा करती हैं। "उनके ऊपर मुकदमा चला जिसकी सारी कारवाई एक ही दिन में पूरी करके बीना दास (Bina Das) को नौ वर्ष की कड़ी कैद की सजा दे दी गयी।"[3] अपने अन्य साथियों का नाम बताने के लिए पुलिस ने उन्हें बहुत सताया, पर बीना ने मुंह नहीं खोला, और सजा मिलने से पहले कोर्ट में कहा- "मैं स्वीकार करती हूँ, कि मैंने सीनेट हाउस में अंतिम दीक्षांत समारोह के दिन गवर्नर पर गोली चलाई थी। मैं खुद को इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार मानती हूँ। अगर मेरी नियति मृत्यु है, तो मैं इसे अर्थपूर्ण बनाना चाहती हूँ, सरकार की उस निरंकुश प्रणाली से लड़ते हुए जिसने मेरे देश और देशवासियों पर अनगिनत अत्याचार किये हैं।"[4]

1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना ने महिलाओं को राजनीतिक मंच प्रदान किया और भारतीय महिलाएं कांग्रेस के वार्षिक

भारत में हुआ जिसके लिए इस अग्नि-कन्या ने अपना सब कुछ [illegible] दिया था। देश को इस मार्मिक कहानी को याद रखते हुए, देश ने ही [illegible] लेकिन अपनी इस महान स्वतंत्रता सेनानी को सलाम करना चाहिए।

निष्कर्ष :

निष्कर्षत: हम कह सकते हैं कि बीना दास उस समय की सबसे निडर क्रांतिकारियों में से एक थीं। उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया था। वे बंगाल की कई युवतियों के लिए प्रेरणा स्रोत थीं। जिस स्वतंत्रता सेनानी ने देश के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया उन्हें अपने जीवन चर्या को चलाने के लिए शिक्षिका का कार्य भी करना पड़ा और अन्तत: उनकी मृत्यु गुमनामी के अँधेरे में होती है। यह सब उस आज़ाद भारत में हुआ, जिस देश की स्वतंत्रता के लिए इस अग्नि-कन्या बीना दास ने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। अब उनकी देह के साथ उनकी कहानी भी अनकही, अनसुनी रह गयी है। देश को इस कहानी को स्मरण करना चाहिए और इस महान स्त्री को उचित आदर और सम्मान मिलना चाहिए

सन्दर्भ सूत्र :

1. ग्लैसगोव हेराल्ड, 8 फ़रवरी 1932, पृष्ठ 11
2. https://www.thelallantop.com/oddnaari/post/bina-das-the-legendary-freedom-fighter-who-shot-governor-of-bengal
3. रिडींग ईगल, 15 फ़रवरी 1932
4. बीना दास की बहन कल्याणी दास के संस्मरण 'जीवन अध्याय से
5. भारत सरकार के भारतीय संस्कृति पृष्ठ से

6. सेनगुप्त, सुबोध चन्द्र और अंजली बसु (ed.) (1988) सांसद बंगाली चरिताभिधान (बंगाली में), कोलकाता: सहित्य सदन, पृष्ठ 663
7. भारत सरकार के भारतीय संस्कृति पृष्ठ से
8. प्रोफ़ेसर सत्यव्रत घोष के लेख 'फ्लैश बैक :बीना दास -रिबोर्न' से

साहित्य और समाज

साहित्य और समाज

सम्पादक : प्रसादराव जामि

ISBN : 978-81-19110-25-4

प्रकाशक :- शोध प्रकाशन

प्रकाशक का पता :- हिसार(हरियाणा)

प्रिंटर :- खालसा प्रिंटर

संस्करण :- प्रथम (2023)

कॉपीराइट :- शोध प्रकाशन, हिसार

(लेख में दिए विचार लेखकों के अपने विचार है। इसके लिए प्रकाशक या सम्पादक जिम्मेदार नहीं है। विवाद के क्षेत्र में न्याय क्षेत्र हिसार, हरियाणा होगा।)

ISBN : 978-81-19110-25-4

अनुक्रमणिका

क्र सं	अध्याय	पृष्ठ
	अनुक्रमणिका	iii
	सम्पादक की कलम से	vii
1.	साहित्य और समाज — प्रसादराव जामि	1-7
2.	वैश्विक स्तर पर हिन्दी भाषा — शाईस्ता सना	8-11
3.	प्रेमचंद के कथा साहित्य में किसान जीवन के दर्शन — ज्योति अजय सिंह	12-18
4.	भाषा के आपसी संबंध — डॉ. पुष्पा देवी	19-25
5.	भाषा और संस्कृति का संबंध — डॉ. गायत्री बैरवा	26-32
6.	श्री क्षेत्र राजा राजेश्वरा मंदिर — सुनीता प्रयाकर राव	33-35
7.	संस्कृत भाषा की प्राचीन और वर्तमान स्थिति — डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी, कृष्ण बहादुर सिंह	36-39
8.	साहित्य और समाज — हरिदास बड़ोदे 'हरिप्रेम'	40-42
9.	इक्कीसवीं सदी की कहानियों में स्त्री चेतना - "गीताश्री, जयश्री राय और मालती जोशी के कहानियों के विशेष संदर्भ" — बिभूति बिक्रम नाथ	43-48
10	त्यौहार अर्थ एवं महत्व — डॉ० हरीश कुमार यादव	49-52

ISBN : 978-81-19110-25-4

12.	[illegible] समाज	सुमित कुमार	53-56
13.	प्रेम और सौंदर्य के अनुगायक सुमित्रानंदन पंत	डॉक्टर सपना भूषण	57-62
14.	हिंदी साहित्य अध्ययन- अध्यापन : समस्याएं और समाधान	प्रोफेसर मीना यादव	63-64
15.	समकालीन हिन्दी कविता में सामाजिक जीवन - मूल्य	राजलक्ष्मी जायसवाल	65-71
16.	साम्प्रदायिकता, विभाजन की त्रासदी और फिल्म "तमस"	डॉ. पलाशी बिस्वास	72-77
17.	जहाज का पंछी में समाज एवं मनोविज्ञान	ऋषिकेश श्रीवास्तव	78-86
18.	साहित्य की अवधारणा	डॉ०घनश्याम भारती	87-89
19.	सुमित्रानंदन पंत के काव्य में प्रगतिवादी तत्व	शैलेन्द्र कुमार	90-98
20.	हिंदी भाषा और लिपि का वैज्ञानिक स्वरूप	रजिया सुलताना	99-103
21.	साहित्य में व्यक्तित्व का मनोविज्ञान	डॉ. मयुर वासुरभाई भम्मर	104-113
22.	हिन्दी दलित साहित्य की चयनित कहानियों और सामाजिक विषमता	डॉ० तपस्या चौहान	114-119
23.	एकल एवं संयुक्त परिवार बनाम सामाजिक मूल्य	सुरेश लाल श्रीवास्तव	120-122
24.	'अजनबी जज़ीरा' उपन्यास का आलोचनात्मक अध्ययन	प्रियंका देवी	123-128

ISBN : 978-81-19110-25-4

25.	स्त्री-मुक्ति प्रश्न और भोजपुरी लोकगीत	डॉ0 शशिकला	129-133
26.	साहित्य और समाज	शारदा कनोरिया	134-135
27.	साहित्य और समाज	वी एन वी पद्मावती	136-138
28.	साहित्य और समाज	डॉ. नागनाथ शंकरराव भेंडे	139-141
29.	हिंदी और मराठी महिला दलित आत्मकथाओं में सामाजिक समस्या	तॉडचिकर मिना बाबुराव	142-143
30.	संस्कार	मंजू वशिष्ट	144-145
31.	साहित्य एवं सामाजिक परिवर्तन	डॉ. आशा कुमारी डॉ. राजेश	146-149
32.	साहित्य और समाज	डॉ एम राज्यलक्ष्मी	150-152
33.	उषाकिरण खान के उपन्यासों में चित्रित समाज	अलीशा बेगम. एन.	153-157
34.	समाज और साहित्य में स्त्री–लेखन	डॉ० स्वप्ना उप्रेती	158-163
35.	जीवन का आधार हमारे संस्कार	डा0 रेनू राय	164-168
36.	राष्ट्रउन्नायक स्वामी दयानन्द विरचित सत्यार्थप्रकाश में वर्णित आर्यावर्त्त के विभिन्न मत–मतान्तरों का समीक्षात्मक अध्ययन	डॉ0 प्रभा चौधरी	169-177
37.	समाज और साहित्य का संबंध	निघोंट अर्चना महादेवराय	178-183

ISBN : 978-81-19110-25-4

स्त्री-मुक्ति प्रश्न और भोजपुरी लोकगीत

डॉ0 शशिकला, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

बसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी

Email- shashi.bhu[illegible]@gmail.com

लोक मानस में मनोरंजन का मुख्य आधार लोक गाथाएं होती हैं। भारत के कोने कोने के लोक जीवन में लोक गाथाएं बिखरी पड़ी हैं। अकेले भोजपुरी लोक में आल्हा, लोरिकायन, सोरठी बृजाभार, बिहुला विषधरी, गोपीचंद, राजा भरथरी, कुंवर विजयमल, राजा ढोलन, नयकवा बनजारा, चनैनी, बाला लखंदर आदि अनेक लोकगाथाएं प्रचलित हैं। अनेक लोक कवियों, लोक कलाकारों और लोक नाटककारों ने अपनी रचनाओं से इस लोक साहित्य को समृद्ध किया है। भिखारी ठाकुर ने बिदेसिया के माध्यम से बिहार और उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में लोक जीवन पर जो असर डाला उसका अन्यत्र उदाहरण मिलना कठिन है। भक्ति काल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग कहा जाता है। रामविलास शर्मा ने इस काव्य को लोक जागरण का काव्य कहा है। यह लोक जागरण का काव्य ही वास्तव में लोक काव्य ही है। इसे लोक साहित्य के भीतर रखा जाना चाहिए। डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने इस विषय में गंभीर विवेचन करते हुए लिखा है-"इन मध्य युग के संतों का लिखा हुआ साहित्य-कई बार तो वह लिखा भी नहीं गया, कबीर ने तो 'मसि कागद' छुआ ही नहीं था-लोक साहित्य कहा जा सकता है या नहीं? क्यों कबीर की रचना लोक साहित्य नहीं है? सच पूछा जाय तो कुछ थोड़े से अपवादों को छोड़कर मध्ययुग के संपूर्ण देशी भाषा के साहित्य को लोक साहित्य के अंतर्गत स्वीकार लाया जा सकता है।"[1] महापंडित राहुल सांकृत्यायन की तो स्पष्ट मान्यता है कि-"हमारी सम्मति में हिन्दी साहित्य के वीरगाथा काल तथा भक्तिकाल की अधिकांश रचनाओं को लोक साहित्य में अंतर्भुक्त किया जा सकता है।"[2]

वैश्विक स्तर पर स्त्रियाँ जहाँ स्वतंत्रता, समानता, नागरिक अधिकारों के लिए आन्दोलन कर रही थीं, वहीं भारतीय स्त्रियाँ घरेलू उत्पीड़न, दहेज-प्रथा, यौन-उत्पीड़न, जाति-उत्पीड़न आदि के खिलाफ आन्दोलन कर रही थीं अर्थात् उनको जीवन जीने के न्यूनतम अधिकार भी नहीं मिले हुए थे। स्वतंत्रता, समानता, आत्मसम्मान की बात करना तो उनसे कोसों दूर था। जबकि औरतों की सामाजिक जिम्मेदारियाँ, अपेक्षाएँ वैश्विक स्तर पर लगभग समान ही थीं। उनका काम बच्चे पैदा करना, घर सँभालना आदि ही था। घर का सारा बोझ अपने सिर पर लेने के बावजूद भी उनके प्रति यही धारणा थी कि वो कमजोर हैं। राजेंद्र यादव ने भारतीय समाज की स्त्रियों के सन्दर्भ में लिखा है-"मूलतः इस समाज में स्त्री की अपनी कोई जाति नहीं है, न नाम और न अपनी इच्छा, हर जाति या रस्म ने एक दूसरे की स्त्रियों को लूटा है। छीना या अपनाया है। वह आजन्म किसी की बेटी, किसी की पत्नी और किसी की माँ के रूप में जानी जाती है। उसी से उसके घर और प्रतिष्ठा बनते हैं। यहाँ तक की पर्दे के नाम पर उसका चेहरा भी उससे छीन लिया गया है। वह सिर्फ बेनाम, बेचेहरा और बेपहचान औरत है।"[3]

ISBN : 978-81-19110-25-4

[illegible] समाज में भी स्त्री शिक्षा की शुरूआत इसी एजेण्डे के साथ प्रारम्भ हुई कि वह पढ़-लिखकर घर-बार अच्छी प्रकार [illegible] और बच्चों का पालन-पोषण भली-भाँति कर सकेगी। चूँकि भारतीय समाज में भी यह माना जाने लगा था कि स्त्री पति[illegible] की धुरी है, वह पढ़ी-लिखी रहेगी तो अधिक सुसंस्कृत गृहिणी रहेगी, और घर की जिम्मेदारियों का निर्वहन व हिसाब-किताब भली [illegible] कर सकेगी, बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देगी, उन्हें जागरूक नागरिक बना सकेगी, बच्चों का भविष्य संवारेगी इत्यादि। उसके [illegible] के व्यक्तित्व के विकास, आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता के लिए उसे शिक्षा नहीं दी जाती थी। भोजपुरी समाज में भी [illegible] ने रूढ़ियों, कुप्रथाओं, संकुचित मनोवृत्तियों पर प्रश्न-चिन्ह लगाये, और स्त्रियों पर हो रहे अत्याचार, अमानवीय व्यवहार, [illegible] का विरोध किया। रविशंकर उपाध्याय लिखते हैं कि-"पति-पत्नी का पारस्परिक सम्बन्ध, दाम्पत्य प्रेम का [illegible] चित्र, [illegible] की दुर्दशा, देवर की दुष्चरित्रता, भवहि और भसुर का अनुचित सम्बन्ध, क्रूर पति की छोटे से अपराध के लिए भी स्त्री को [illegible], ससुर का बहू के प्रति कठोर व्यवहार आदि का वर्णन भोजपुरी समाज के प्रति वितृष्णा तथा घृणा पैदा कर देता है।"[4] [illegible] लेकिन जब हम उनके परस्पर स्नेह, लगाव और एक दूसरे की परवाह को देखते हैं तो उनसे हृदय गद्गद् हो जाता है। दूसरा पक्ष यह है कि आधुनिकता के साथ ग्रामीण समाज या लोक समाज को देखने पर हमें कहीं न कहीं आधुनिकता और ग्रामीण संस्कृति में विरोधाभास नजर आता है क्योंकि ग्रामीण संस्कृति अपनी पुरातन मान्यताओं के साथ जीवित रहती है जबकि आधुनिकतावादी दृष्टिकोण इन मान्यताओं, रूढ़ियों का विवेचन, विश्लेषण करके या तो उन्हें तोड़ देता है या फिर उसका रूप बदल देता है और यह [illegible] ग्रामीण समाज अपनी संस्कृति में करने नहीं देता है।

भोजपुरी समाज की प्रकृति पुरूष सत्तात्मक है। नारी का पूरा जीवन पुरूष के इर्द-गिर्द ही घूमता नजर आता है। राम-सीता-लक्ष्मण जब वन में चले गये हैं। उस सन्दर्भ में एक भोजपुरी गीत है जिसमें घनघोर वर्षा हो रही है और माता कौशिल्या चिंतित हैं, वह [illegible] रही है-

"राम के भीजे मुकुटवा

लखन सिर पटुका हो राम

मोरी सीता के भीजे सेनुरवा

लवटि घर आवई हो राम।"[5]

इस गीत में एक माँ की अपने बच्चों के प्रति ममता स्वाभाविक है, उनका फिक्र करना स्वाभाविक है, किन्तु ध्यान देने वाली बात यह है कि सीता को जब याद करती हैं तब प्रत्यक्ष रूप से नहीं उनके सिंदूर के माध्यम से याद करती हैं अर्थात् सीता नहीं भीग रही है उनका सिंदूर भीग रहा है अर्थात् फिर से राम की यानी पुरूष की प्रधानता हमें दिखाई देती है। सीता का महत्व सीता होने के कारण नहीं बल्कि सीता का महत्त्व राम की पत्नी होने के कारण है। सीता के दुबारा वन-गमन को तुलसी और वाल्मीकि ने जितना महत्व नहीं दिया है उससे कहीं अधिक महत्व ग्रामीण स्त्रियों ने अपने गीतों में दिया है, क्योंकि उनका जीवन भी सीता जी की तरह त्यागमय है। वह अपने माँ-बाप का घर छोड़कर सुख-चैन के सपने लिए ससुराल आती है किन्तु ससुराल पक्ष में अपमान के साथ जीवन भर का वनवास ही मिलता है। महल रहते हुए भी कुटिया में रहने के समान ही जीवन व्यतीत करना पड़ता है। अपने बच्चों का लालन-

[illegible] भी अकेले ही अभाव में करना पड़ता है, सब करने के बावजूद भी सम्मान नहीं मिलता है और अन्तत: सीता जी के समान [illegible] धरती का शरीर माटी में मिल जाता है।

"अइसने पुरूखवा के मुँह नाहीं देखबों

सीरीराम देले बनवास रे

फटि जइती धरती, अलोप होई जइतीं

अब ना देखबि संसार रे।"[6]

जिस प्रकार अनजान व्यक्ति के कहने पर राम ने सीता को बनवास दे दिया, ठीक यहीं स्थिति भोजपुरी समाज में भी देखने को मिलता है कि रिश्ते में भरोसे के अभाव के कारण पति-पत्नी एक दूसरे पर शक करने लगते हैं और ऐसी स्थिति में हर हाल में भुगतना स्त्री को ही पड़ता है। पर आज की कुछ भोजपुरी स्त्रियाँ अपने हक के प्रति जागरूक दिखाई देती हैं। वह स्त्रियों को पहनाये गये लाज, शर्म, हया, घर की सम्पति, घर की इज्जत के चोंगे को उतार कर फेंक चुकी हैं। वह स्त्रियों की पारम्परिक छवि घर में दुबक कर रहने वाली, सब कुछ सहकर भी मुँह बन्द रखने वाली, घर की इज्जत का सारा ठेका अपने सिर पर लेने वाली छवि को तोड़ चुकी है। एक गीत में अपने ऊपर हो रहे अत्याचार के विरोध में वह कहती है-

"सुन हो सखि हम अदालत करबों

पहिली अदालत बक्सर में करबो,ससुर राउर माला उतार हम लेबो

* * *

चौथी अदालत कलकत्ता में करबो, सईयां राउर सेखी उतार हम लेबो।"[7]

अर्थात् स्त्री मुक्ति की बात जब हम करते हैं तो स्त्री के लिए आर्थिक मुक्ति सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि जब कोई भी व्यक्ति स्वावलम्बी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो जाता है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और वह व्यक्ति अधिक स्वतंत्र हो जाता है। वह किसी भी विषय पर निर्णय ले सकता है तथा अपना मत भी रख सकता है, उस व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास का अवसर मिलता है। आर्थिक मुक्ति में ही स्त्री की वास्तविक मुक्ति छिपी हुई है। भोजपुरी समाज ऐसा है जिसमें स्त्री-पुरूष में काम का बँटवारा इस तरह हुआ है कि घर के अंदर का कार्य स्त्री का है और घर के बाहर का कार्य पुरूष द्वारा किया जाता है। प्राय: कमा कर लाने का कार्य पुरूष द्वारा ही किया जाता है। चूँकि घर की आमदनी और खर्चों का हिसाब रखना पुरूष का कार्य है इसलिए स्त्री यदि कमाती भी है तो उसे खर्च करने का अधिकार उसे नहीं है। वह अपनी इच्छानुसार और आवश्यकतानुसार स्वयं का पैसा भी खर्च नहीं कर सकती, उसका भी हिसाब किसी न किसी पुरूष के द्वारा लिया जाता। इस प्रकार

आर्थिक-मुक्ति का अर्थ सिर्फ अर्थोपार्जन करना नहीं है, बल्कि उस पर पूर्ण अधिकार से है। लोक की स्त्री अनेक पीड़ा और दुःख को सहती है और अपने पति से कहती है-

"जहिया से अइनी पिया तोहरी महलिया में

सुखवा सपन होई गइले रे पियवा

घर के करत काम सूखले देहि के चाम

तबो नाहि होवे कुछु नामवा रे पियवा।"[8]

भोजपुरी समाज की प्रकृति ही पुरूष-सतात्मक है। स्त्री मुक्ति के लिए अति आवश्यक है पुरूषसतात्मक सोच से मुक्ति पाना। पुरूष सतात्मक सोच ऐसी है कि यह स्त्री को ही स्त्री का सबसे बड़ा दुश्मन बनाती है। स्त्रियाँ न स्वयं रूढ़ियों, कुप्रथाओं, कुरीतियों का त्याग करती है न समाज में इनका विरोध होते हुए ही देख सकती है। ऐसी स्त्रियाँ समाज को जड़ बना रही हैं। कुछ स्त्रियाँ ऐसी भी हैं, जो समाज की परम्परागत धारणा को तोड़कर आगे आयी हैं। उन्होंने आर्थिक क्षेत्र मे आत्मनिर्भरता हासिल की है, स्वतंत्रता, समानता, और स्वायत्ता हासिल की है। चूँकि परिवार की मुखिया भी कोई न कोई स्त्री ही है जो कि परम्परागत बहू को ही तवज्जो देती है। इसलिए घर में उसकी भूमिका नहीं बदली है। डी0के0 शरन लिखते है ''इससे (कामकाजी होने से) आर्थिक रूप से स्वतंत्रता तो मिली है, परन्तु माँ, पत्नी, बहू के रूप में उसकी परम्परागत धारणा जारी है।"[9] इस प्रकार की पितृसतात्मक सोच के कारण वह दुहरे बोझ तले दबी है। शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लोगों में जागरूकता आयी है। दहेज लेना और देना दोनो को अपराध घोषित किया गया है। भोजपुरी समाज की स्त्रियों में भी चेतना जागृत हुई है। वह दहेज जैसी कुप्रथाओं को तोड़ने के लिए आन्दोलन और विरोध कर रही हैं। कहीं-कहीं तो यह भी देखने में आता है कि पहले जहाँ लड़के ही लड़की को विवाह के लिए ना बोलते थे,परन्तु अब लड़कियों ने भी ना कहना सीख लिया है और अपनी पसन्द-नापसन्द को सबके सामने जाहिर कर रही हैं। एक भोजपुरी गीत में वह अपने परिवार के लोगों से निवेदन करती है कि -

"आसन देखि बाबा डासन दीहौं,

मुख देखि दीहौ बीरा पान।

अपनी सम्पत्ति देखि दाइज दीहौ,

वर देखि दीहौ कन्यादान।"[10]

आधुनिकता और तर्क की पराकाष्ठा इन भोजपुरी एव ग्रामीण स्त्रियों में देखी जा सकती है। पूर्व की अपेक्षा स्त्रियाँ अब ज्यादा प्रखर और मुखर हुई हैं। पहले जहाँ रिश्ते निभाने का सारा दारोमदार स्त्रियों पर हुआ करता था। वह घर में पीड़ा, प्रताड़ना

ISBN : 978-81-19116-2

सहते हुए ससुर, सास, देवर यहाँ तक कि पति की प्रताड़ना सहते हुए भी उसी रिश्ते में जीने को अपनी नियति और बेबसी मान चुकी थी, वहीं आज विरोध करने का साहस रखती है। वह यह समझ गयी है कि स्त्री का जन्म पाकर वह कोई अभागिन नहीं है। जिस घर में उसका विवाह हुआ है उस घर में वह बेचारी, बेबस और लाचार प्राणी नहीं है। वह सबकी सहमति से पति के घर ब्याह कर लायी गयी है और वह परिवार की नौकरानी बनने को बाध्य नहीं है। एक गीत में पति उसको छोड़ने के लिए जब धमकी देता है तो वह भी मुखर हो जाती है और चेतावनी देती हुई दिखाई देती है।

"जो तुम पिया रूपैया लैहो रूपैया लैहो ना।

जइसन बाबा घरे रहली ओइसन कइके दीहो ना।"[11]

इस प्रकार हम देखते हैं कि स्त्री जो समाज एवं सृष्टि की महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसके बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती, उसको समाज के बंधनों में जकड़ दिया गया है। आधुनिकता वादी दौर में, स्त्रियों में मुक्ति की छटपटाहट तो आई है। लेकिन इसका स्वरूप एवं प्रतिशत अत्यंत सीमित है। एक स्त्री के मुक्त होने को स्त्री-मुक्ति नहीं कहा जा सकता है। जब तक मुक्ति का प्रयास व्यापक एवं सामूहिक स्तर पर नहीं होगा हमारे समक्ष स्त्री-मुक्ति का प्रश्न बना रहेगा।

सन्दर्भ सूत्र

1. जनपद, वर्ष-1, अंक-1, पृष्ठ-71
2. हिन्दी साहित्य का बृहद् इतिहास, नागरी प्रचारिणी सभा, संपादकीय, पृष्ठ-15
3. आदमी के निगाह में औरत, राजेन्द्र यादव, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 227
4. भोजपुरी लोकगीतों का सांस्कृतिक अध्ययन, डॉ0 रविशंकर उपाध्याय, कला प्रकाशन, न्यू साकेत कॉलोनी बी0एच0 यू0 वाराणसी, पृष्ठ 27
5. वाचिक कविता :भोजपुरी, विद्यानिवास मिश्र (संपादित), भारतीय ज्ञानपीठ, लोदी रोड (दूसरा संस्करण) 2015, पृष्ठ 15
6. लोकसंस्कृति के आईने में भोजपुरी भाषा (चिंतन के विविध आयाम), सं0 डॉ0 वीरेन्द्र सिंह यादव, ओमेगा पब्लिकेशंस, दरियागंज, दिल्ली (प्रथम संस्करण) 2010, पृष्ठ 176
7. वही, पृष्ठ 248
8. वही, पृष्ठ 275
9. नारी सशक्तिकरण का इतिहास, डी0 के0 शरण, क्लासिकल पब्लिशिंग कंपनी, नई दिल्ली, भूमिका से
10. लोकसंस्कृति के आईने में भोजपुरी भाषा (चिंतन के विविध आयाम), सं0 डॉ0 वीरेन्द्र सिंह यादव, ओमेगा पब्लिकेशंस, दरियागंज, दिल्ली (प्रथम संस्करण) 2010, पृष्ठ 76
11. वही, पृष्ठ 331